स्थापित होंगी 88 औद्योगिक इकाइयां

जागरण संवाददाता, कानपुर: लॉकडाउन के दौरान दूसरे राज्यों से लौट रहे लोगों को रोजगार देने और सूबे के औद्योगिक विकास की दिशा में उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण को बड़ी सफलता मिली है। प्राधिकरण ने लॉकडाउन की अवधि में इटली की मैप इंडस्ट्रीज समेत 88 कंपनियों को औद्योगिक इकाई की स्थापना के लिए विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंड आवंटित किया है। जल्द ही चकेरी, जैनपुर समेत कई और औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंडों का आवंटन होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विदेशी कंपनियों को आकर्षित करने के लिए माहौल तैयार करने की जिम्मेदारी औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना को सौंपी है। इसी कड़ी में यूपीसीडा ने मानचित्र स्वीकृति, भूखंड के समय विस्तारण, लीज डीड के निष्पादन

सफलता

- इटली की प्रसिद्ध मैप इंडस्ट्रीज मथुरा में लगाएगी उद्योग
- यूपीसीडा ने आवंटित किए भूखंड, नौ हजार को मिलेगा रोजगार

समेत 21 सुविधाओं को ऑनलाइन किया, जिसका असर भी दिखा। अब तेजी के साथ वहां लोग भूखंड आवंटित कराने को आगे आ रहे हैं। प्रबंधन ने नई इकाइयों की स्थापना के लिए 88 उद्यमियों को 46.94 एकड़ भूमि आवंटित की है। इन भूखंडों पर खाद्य प्रसंस्करण, इंजीनियरिंग उद्योग, केमिकल, टेक्सटाइल से जुड़ी इकाइयां स्थापित होंगी। इनकी स्थापना में करीब सात सौ करोड़ का पूंजी निवेश होगा और नौ हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। हिंदुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड ने जहां हमीरपुर के भरुआ सुमेरपुर में इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया है तो इटली की प्रमुख कंपनी मैपी इंडस्ट्रीज मथुरा के कोसी कोटवन में इकाई लगाने की प्रक्रिया शुरू की है। प्राधिकरण के सीईओ अनिल गर्ग के मुताबिक डीएस ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, गुरुनानक इंटरप्राइजेज, कृष्णा आर्गेनिक जैसी कई नामी कंपनियों को भूखंड आवंटित किए गए हैं।

डीएस ग्रुप खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में विदेशी तकनीक के आधार पर परियोजना लगा रही है। इसके साथ ही लॉकडाउन में यूपीसीडा द्वारा उद्यमियों से प्राप्त 590 आवेदनों का ऑनलाइन निस्तारण किया गया है। इन आवेदनों में 22 भवन मानचित्र अनुमोदन, 65 परियोजनाओं के समय विस्तारण का कार्य भी शामिल है।